म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26–अरेरा हिल्स, किसान भवन भोपाल.

कमांक/बोर्ड/यो./गैर. तक./20/2015–16/3833 भोपाल,दिनांकः 8/2/2016

–:: परिपत्र ::–

म0प्र0 कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 81 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंडी समितियों के लिए उपविधि सन् 2000 की कंडिका – 37 अन्तर्गत **''कृषि विपणन पुरस्कार योजना''** को म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश कमांक–बोर्ड–4/2/यो/71/210 दिनांक 28 जनवरी, 2008 से प्रभावशील किया गया है। योजना के बिन्दु कमांक– 7 में प्रदत्त संशोधन/परिवर्तन के अधिकारों का प्रयोग करते हुए,एतद् द्वारा ''कृषि विपणन पुरस्कार योजना'' की कंडिका कमांक– 2 में निम्नानुसार परन्तुक प्रतिस्थापित किया जाता है :–

''परन्तु समर्थन मूल्य पर कय करने वाली राज्य शासन द्वारा अधिकृत संस्था पर किसानों के द्वारा विकय की गयी अधिसूचित कृषि उपज जिस पर मंडी समिति को देय मंडी फीस का उद्धरण किया गया हो तथा संबंधित समर्थन मूल्य पर कय करने वाली संस्था के द्वारा कृषक से अधिसूचित कृषि जिन्स कय करने और उसे भुगतान करने की सत्यापित जानकारी मंडी समिति को प्रस्तूत की गई हो, ऐसे कृषको को भी कृषि विपणन पुरस्कार योजना में सम्मिलित करते हुए ईनामी कूपन मंडी समिति द्वारा जारी किये जायेंगे तथा इनके रिकार्ड का संधारण योजना की कंडिका– 2 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।''

कृषि विपणन पुरस्कार योजना में उपरोक्तानुसार संशोधन इस आदेश के जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा।

(अरूण पाण्डेय)
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक/बोर्ड/यो./गैर. तक./20/2015–16/3834 भोपाल,दिनांकः 8/2/2016
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

1– विशेष सहायक, मान्0 अध्यक्ष, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2– अपर संचालक (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
3– मुख्य अभियन्ता, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
4– संयुक्त संचालक/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
5– संयुक्त संचालक/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)
6– अध्यक्ष/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति .... जिला .... (समस्त) की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
7– प्रबंध संचालक, नागरिक आपूर्ति निगम , भोपाल। आपके कार्यालय से संबंधित समस्त को उपरोक्तानुसार निर्देश जारी करने का अनुरोध है।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल